<u>पत्र सूचना शाखा</u>

<u>सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0</u>

शिया पी0जी0 कालेज की प्रबन्ध समिति के गठन हेतु निर्देश

लखनऊः 31 अक्टूबर, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति, श्री राम नाईक जो शिया पी0जी0 कालेज के संरक्षक है, ने शिया पी0जी0 कालेज के प्रबन्ध समिति के अनुमोदन प्रकरण में लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति को निर्देश दिया है कि दिनांक 28 जून, 2014 को सम्पन्न हुए संस्था की प्रबन्ध समिति के चुनाव पर सभी संबंधित पक्षों को सुनवाई का अवसर प्रदान कर दो माह के अन्दर प्रबन्ध समिति के गठन पर निर्णय करें।

उल्लेखनीय है कि शिया पी0जी0 कालेज, लखनऊ के बोर्ड आफ ट्रस्टीज के आपसी मतभेद के कारण प्रबन्ध समिति के गठन का प्रकरण विवादों के घेरे में था। इस संबंध में बोर्ड आफ ट्रस्टीज के कुछ सदस्यों द्वारा माननीय श्री राज्यपाल जो शिया पी0जी0 कालेज के बोर्ड आफ ट्रस्टीज के उपनियम के प्राविधान के अनुसार संरक्षक है, के समक्ष प्रशासक नियुक्त करने के लिए प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था।